भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1266**
03 दिसंबर, 2024 को उत्तरार्थ

**विषय: ई-एनएएम प्लेटफॉर्म के साथ एकीकृत किए गए एपीएमसी बाजार**

1266. श्री तमिलसेल्वन थंगाः
क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तमिलनाडु राज्य में मार्च, 2024 तक कुल कितने एपीएमसी बाजारों को ई-एनएएम प्लेटफॉर्म के साथ एकीकृत किया गया है;
(ख) ऐसे एपीएमसी बाजारों की संख्या कितनी है जिन्हें अभी भी ई-एनएएम के साथ एकीकृत किया जाना है और तमिलनाडु राज्य में उनके एकीकरण की समय-सीमा क्या है;
(ग) तमिलनाडु राज्य में ई-एनएएम के एकीकृत बाजारों में उपलब्ध अवसंरचनात्मक सुविधाओं जैसे क्रियाशील परीक्षण प्रयोगशालाओं की संख्या, गुणवत्ता परीक्षण उपकरण, वजन करने वाली इलेक्ट्रॉनिक मशीनों का ब्यौरा क्या है;
(घ) तमिलनाडु राज्य में विगत तीन वर्षों के दौरान ई-एनएएम अवसंरचना के विकास के लिए आवंटित और उपयोग में लाई गई निधि का वर्ष-बार ब्यौरा क्या है; और
(ङ) सरकार द्वारा तमिलनाडु राज्य में ई-एनएएम अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री भागीरथ चौधरी)

(क) एवं (ख): दिनांक 31.03.2024 की स्थिति के अनुसार, तमिलनाडु के 157 कृषि उपज बाजार समिति (एपीएमसी) बाजारों को राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-एनएएम) मंच के साथ एकीकृत किया गया है। 127 बाजारों को अभी भी ई-एनएएम के साथ एकीकृत किया जाना है।

(ग): सभी 157 बाजारों में सभी गुणवत्ता परीक्षण उपकरण जैसे इलेक्ट्रॉनिक वेयीन्ग बैलन्स, डिजिटल मॉइस्चर मीटर, डिजिटल हॉट एयर ओवन, एनआईआर और कमोडिटी विशिष्ट उपकरण

जैसे स्वचालित ग्रेडिंग, सॉर्टिंग, वेयीन्ग और बैगिंग मशीन, दलहन, मक्का, सोरघम ग्रेडिंग और सॉर्टिंग मशीन, ग्राउन्ड्नट डेकोर्टिकेटर, टर्मरिक बॉयलर, पॉलिशर आदि उपलब्ध हैं।

उचित सुविधाओं के साथ कुल कार्यात्मक परख प्रयोगशालाएँ 30 हैं और शेष 127 ई-एनएएम मंडियाँ सभी परख उपकरणों के साथ उपलब्ध सुविधाओं के साथ कार्य कर रही हैं।

(घ): तमिलनाडु राज्य में पिछले तीन वर्षों के दौरान ई-एनएएम इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए आवंटित और उपयोग की गई धनराशि का वर्षवार विवरण निम्नानुसार है:-

| **वर्ष** | **बाज़ारों की संख्या** | **जारी की गई राशि (करोड़ रूपए में)** | **तमिलनाडु सरकार द्वारा किया गया व्यय (करोड़ रुपए में)** |
|---|---|---|---|
| 2021-22 | - | - | - |
| 2022-23 | 64 | 19.20 | 19.20 |
| 2023-24 | 30 | 8.93 | 8.93 |

(ङ): तमिलनाडु सरकार ने सूचित किया है कि नाबार्ड ऋण सहायता के माध्यम से गोदामों, बिडिंग रूम, ग्रेडिंग और परख हॉल, ट्रैन्सैक्शन शेड और ड्राइंग यार्ड जैसी इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए 112.38 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

90 विनियमित बाजारों में मौजूदा इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं के संवर्धन के लिए, राज्य सरकार ने स्टोरेज गोडाउन, क्लोज औकशन शेड, क्लीनिंग और ग्रेडिंग हॉल, ड्राइंग यार्ड और इलेक्ट्रॉनिक सूचना बोर्ड आदि के लिए वेयरहाउस इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (डब्ल्यूआईएफ) के तहत 217.92 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं।

*****